# अजमेर की सांझी विरासत पर संगोष्ठी आयोजित

## 'अजमेर के सौहार्द पर नहीं आने देंगे आंच'

**अजमेर,** (कासं)। पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज की ओर से अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर समर्थदान पत्रकार भवन में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अजमेर की सांझी विरासत हमारी जिम्मेदारी विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में बड़ी संख्या में मौजूद बुद्धिजीवियों, साहित्यकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओ ने अजमेर के सांप्रदायिक सद्भाव पर आने वाले हर खतरे का सामना करने और सौहार्द पर आंच नहीं आने देने का संकल्प लिया।

संगोष्ठी में प्रसिद्ध विधिवेत्ता सत्यकिशोर सक्सेना ने कहा कि दरगाह को लेकर बाहरी व्यक्ति द्वारा किए गए दावे से अनावश्यक विवाद खड़ा किया जा रहा है, उन्होंने इस दावे को दीवानी अदालत द्वारा स्वीकार किए जाने के अधिकार पर संदेह व्यक्त किया और सुझाव दिया कि देश भर में किए जा रहे इस तरह के षड्यंत्रपूर्ण दावों को सुप्रीम कोर्ट को अपने पास मंगा लेना चाहिए। सक्सेना ने पूजा स्थल अधिनियम 1991 के होते हुए इन वादों के औचित्य हीन बतलाया।

वरिष्ठ पत्रकार डॉ रमेश अग्रवाल ने अजमेर की संस्कृति को समावेशी बतलाते हुए कहा कि हमारी सांझी विरासत सदियों के आपसी विश्वास, सहयोग और सद्भाव से विकसित हुई है। यह हर नगरवासी का दायित्व है कि वह शहर के सौहार्द को बनाए रखने के लिए मुखर हो। कवि रासबिहारी गौड़ ने कहा कि देश के वातावरण में नफरत घोलने के सभी प्रयासों की निंदा की और कहा कि छोटे छोटे नागरिक समूहों से संवाद किया जाना चाहिए। सौहार्द के लिए हर आम नागरिक को आगे आना चाहिए।

महेंद्र सिंह रलावता ने कहा कि दरगाह हर धर्म के लोगों की आस्था का स्थल है। इसके निर्माण और विकास में कोई एक व्यक्ति या संस्था नहीं सदियों से लाखों लोगों का योगदान रहा है। उन्होंने मेवाड़ के महाराणा जगतसिंह और जयपुर के राजा जयसिंह द्वारा दरगाह में करवाए गए निर्माण का उल्लेख किया। वरिष्ठ पत्रकार गिरधर तेजवानी ने कहा कि दरगाह और पुष्कर अजमेर की अर्थव्यवस्था की धुरी हैं। दरगाह में किसी भी कारण से तनाव उत्पन्न होगा तो न केवल आम व्यक्ति अपितु बड़े व्यवसायियों पर भी दुष्प्रभाव पड़ेगा। शांतिप्रिय लोगों के शहर को नफरत की आग से बचाया जाना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता इंदिरा पंचोली ने अजमेर के सौहार्द के लिए व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाने का आग्रह किया। डॉ श्रीगोपाल बाहेती ने कहा कि अजमेर में इस्लाम, जैन, ईसाई ,पारसी सभी धर्म पल्लवित हुए हैं। यह हमारी खूबी है और इसे बचाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पीयूसीएल के राज्य उपाध्यक्ष डी एल त्रिपाठी ने कहा कि देश में सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न करने के प्रयासों की निंदा की।

संगोष्ठी में शकील अहमदए प्रो अजहर काजमी, सिस्टर कैरोल गीता, सुरेश सिंधी, प्रकाश जैन, डॉ सुरेश अगवाल, वर्षा शर्मा, नजीर कादरी, गोपाल माथुर, काजी मुनव्वर अली, इस्तखार सिद्दीकी अकबर हुसैन, मोहम्मद आजाद, अब्दुल नईम, रईस कुरैशी, श्वेताआनंद, करुणा फिलिप्स, राधावल्लभ शर्मा, प्रो सुशील बैरवा, शिव शंकर सिन्हा, ध्वनि मिश्रा, धर्मेंद्र लालवानी आदि अनेक गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।



अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया।

## जिला प्रदर्शनी में मिला उत्पाद प्रदर्शन का मौका

**ब्यावर।** राज्य सरकार के एक वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने पर आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में जिला स्तरीय प्रदर्शनी का जिला कलेक्टर द्वारा शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा लघु उद्योग भारती को अभूतपूर्व मौका देते हुए कुछ उद्योगो को स्टॉल लगाने की प्राथमिकता देते हुए आमंत्रित किया गया। प्रशासन की ओर से नवाचार को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से किसी भी 10 प्रकार के इंडस्ट्री अथवा उत्पाद की प्रदर्शनी हेतु आग्रह करने पर संस्था सदस्यों में से 10 सदस्यों ने अपने उत्पाद का आज प्रदर्शन किया।

मसाला निर्माण, डाका मोनोलिथिक्स प्रा. लि. ने रेमिंग मास एवं मिनरल पाउडर, आदित्य ग्रुप ने पी पी बैग, सनातन सेवा संस्थान ने पूजन एवं हवन सामग्री, गणपति मशीन एवं स्पेयर्स प्रा. लि. ने मशीनरी पार्ट्स, ने ऑलमण्ड ऑइल- शतधौता घृतम, नीलकंठ इंडस्ट्रीज ने टेक्सटाइल फैब्रिक, ए एस वी पेपर्स प्रा. लि. ने नोट बुक निर्माण, खत्री तिलपट्टी के तिलपट्टी, गजक, रेवड़ी उत्पाद का अपनी-अपनी स्टॉल के माध्यम से प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शनी के माध्यम से इन उत्पादों को देश भर में पहचान मिले, इस हेतु इस सार्थक पहल का संस्था की ओर से जिला प्रशासन का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

## रोजगार उत्सव व युवा सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित

**ब्यावर,** (निसं)। प्रभारी सचिव, जिला कलेक्टर व स्थानीय विधायक ने नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपे, उत्कृष्ट बालिकाओ को स्कूटी का वितरण किया। रन फॉर विकसित राजस्थान से वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल के 1 वर्ष पूर्ण होने के कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। प्रभारी सचिव विश्राम मीणा, जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत, विधायक शंकर सिंह रावत ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रन फॉर विकसित राजस्थान के तहत आयोजित दौड़ को रवाना किया।

रविराज के तहत आयोजित दौड़ में प्रभारी सचिव, जिला कलेक्टर, विद्यालय, पुलिस अधीक्षक सहित बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों व आमजन ने भाग लिया। यह विशाल दौड़ रैली के रूप में भगत चौराहा, चांग गेट होते हुए, एसडी राजकीय महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुई।कॉलेज परिसर पहुंचने के पश्चात आयोजित दौड़ में सम्मिलित प्रतिभागियों को अतिथियों ने संबोधित किया । प्रतिभागियों के लिए जलपान इत्यादि की व्यवस्था की गई ।

प्रभारी सचिव विश्राम मीणा, जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत, पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह, अतिरिक्त कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया ने अंबेडकर भवन परिसर में आयोजित जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रभारी सचिव ने लघु उद्योग भारतीय द्वारा लगाए गए ब्यावर जिले के उत्पाद की स्टॉल्स देखकर जानकारी ली ।उन्होंने विकास प्रदर्शनी में ब्यावर जिले में योजनाओं की क्रियान्विती , जिला प्रशासन के नवाचार विकास कार्यक्रमों की प्रदर्शनी को देखकर सराहना की। अंबेडकर भवन परिसर में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव व युवा सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित हुआ।

## चिड़िया बावड़ी के पास बनेगा ऑवर ब्रिज

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। विधायक विकास चौधरी की मांग पर आर के पाटनी रोडवेज बस स्टैंड के सामने चिड़िया बावड़ी के पास 13 करोड़ 24 लाख रूपये की लागत से ढाई किलोमीटर लंबाई का फ्लाईऑवर बनेगा। बस स्टेण्ड सामने एक तरफ का फ्लाई ऑवर बना हुआ है, किंतु दूसरे तरफ फ्लाईओवर नहीं होने के कारण आये दिन दुर्घटना होती रहती है। विधायक चौधरी ने केंद्र सरकार से चिन्हित स्थान पर फ्लाईओवर एवं सर्विस रोड बनाने की मांग की थी। केंद्र सरकार ने तकनीकी सर्वे कराकर कार्य हेतु निविदा जारी कर दी। उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। विधायक चौधरी ने बताया की अम्बेडकर सर्किल से खिड़की वाले बालाजी मंदिर के साथ नगरीय क्षेत्र के अन्य सात स्थानों पर बी.टी.तथा सी.सी.रोड व मरम्मत आदि हेतु पी डब्ल्यू डी द्वारा करीब दो करोड़ रूपये के कार्य किये जायेंगे।

## अजमेर दक्षिण क्षेत्र में खुलेंगे 5 नए आंगनबाड़ी केन्द्र : भदेल

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर दक्षिण विधायक भदेल की अनुशंसा पर अजमेर विधानसभा क्षेत्र दक्षिण में पांच नए आंगनबाड़ी केन्द्र खोले जाएगे।

विधायक अनिता भदेल ने बताया कि इस बजट घोषणा 2024-25 में नए आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने की घोषणा की गई है और घोषणा के अनुरूप कार्य धरातल पर होता दिख रहा है। नए आंगनबाड़ी केन्द्र खुलने का सर्वाधिक लाभ आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग को मिलता है। वर्तमान आंगनबाड़ी केन्द्रो में सरकार द्वारा अधिकाधिक सुविधाएं एवं पोषाहार उपलब्ध करवाया जाता है। इन केन्द्रों पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण एव 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के साथ गरम पौष्टिक पोषाहार का वितरण भी किया जाता है। बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु उनसे विभिन्न गतिविधियां भी करवाई जाती है। ताकि उनका चहुमुखी विकास हो सके। गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण भी आंगनबाड़ी केन्द्रों में होता है। जिससे उन्हें टीकाकरण के लिए दूरस्त चिकित्सालय में नहीं जाना पड़ता है। गर्भवती महिलाओं को गर्भ से संबंधित विभिन्न परामर्श, उनके स्वास्थ्य का परिक्षण के साथ-साथ टीएचआर(टेक होम राशन) भी मुहैया करवाया जाता है। ताकि उन्हें गर्भ के दौरान गुणवत्तापूर्ण आहार मिल सके। भदेल ने बताया कि इसके अतिरिक्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्य करने हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिक के रूप में महिलाओं को रोजगार भी मिल सकेगा।

यहां खुलेंगे पांच नए आंगनबाडी केन्द्र- वार्ड 26 में अजयनगर, वार्ड 30 में चंद्रवरदाई नगर, वार्ड 37 में माखुपुरा, वार्ड 39 में शिवाजी नगर, आदर्श नगर एवं वार्ड 55 में एच.पी.नगर में खोले जाएगी।

## श्रुति ने किए ब्रह्मा जी के दर्शन

**अजमेर।** राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (आरसीडीएफ) की प्रशासक एवं प्रबंध संचालक श्रुति भारद्वाज ने गुरुवार को पुष्कर स्थित ब्रह्मा मंदिर में दर्शन किए। साथ ही पवित्र पुष्कर सरोवर में पूजा अर्चना की।

## बालिकाओं ने जड़ा विद्यालय पर ताला

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय क्षेत्र के सथाना के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय का है मामला। मसूदा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय क्षेत्र के सथाना के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के 6 शिक्षकों को एक साथ अन्यंत्र स्थानांतरित करने को लेकर आज गुरुवार को विद्यालय की बालिकाओं ने विद्यालय का मुख्य द्वार पर ताला जड़कर 'शिक्षक दो या फिर टीसी दे दो' जैसी नारेबाजी करते हुए शिक्षा विभाग से शिक्षकों की मांग की।

इस मामले को लेकर सरपंच प्रतिनिधि एवं पूर्व सरपंच अशोक साहू ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी लेकर मसूदा मुख्य ब्लॉक के शिक्षा अधिकारी शिवकुमार दुबे से मुलाकात कर विद्यालय में शिक्षकों के एक साथ किए गए स्थानांतरण को लेकर उपजे हालात एवं बालिकाओं द्वारा विद्यालय पर की गई तालाबंदी से अवगत कराकर शिक्षको के किए गए स्थानांतरण पर रोक लगाने व पर्याप्त शिक्षक लगाने की मांग की। इस विद्यालय में 350 बालिकाएं अध्यनरत है जबकि 9-10 के स्टाफ में से 6 शिक्षकों का एक के साथ अन्यंत्र स्थानांतरित कर दिया। ध्यातव्य है कि 14 दिसंबर से होने जा रही अर्द्ध वार्षिक परीक्षा के मद्देनजर इस विद्यालय के 6 शिक्षकों का एक साथ अन्यंत्र स्थानांतरित किया जाने को कत्तई उचित नहीँ कहा जा सकता है।

## सांसद अग्रवाल ने लोकसभा में रखी जहाजपुर देवली राजमार्ग को फोरलेन करने की मांग

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा सॉंसद दामोदर अठावाल ने आज सदन में नियम 377 के तहत भीलवाड़ा के जनहित का महत्वपूर्ण मुद्दा शाहपुरा जहाजपुर देवली राजमार्ग को फोरलेन मांग को लोकसभा पटल पर रखा।


सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि भीलवाड़ा सांसद दामोदर अठावाल ने लोकसभा में नियम 377 के तहत भीलवाड़ा के जनहित का महत्वपूर्ण मुद्दा शाहपुरा जहाजपुर देवली राजमार्ग को फोरलेन करने के लिए लोकसभा पटल पर रखा व कहा कि मेरे लोकसभा क्षेत्र में नेशनल हाइवे 52 जिसकी लंबाई 95 किलोमीटर है जिसे 2 लेन से 4 लेन किया जाय क्योंकि देवली भीलवाड़ा मार्ग देवली से प्रारंभ जोकर जहाजपुर में 148 से शाहपुरा तक जाता है इसके बाद शाहपुरा से बनेड़ा होते हुए 48 से कनेक्ट होता है।इस मार्ग पर अत्यधिक ट्रैफिक का दबाव होने के कारण ट्राफ़िक जाम व दुर्घटना के कारण न केवल आमजन परेशान होता है बल्कि आपातकालीन सेवाएं भी ठप हो जाने के कारण जनहानि भी हो जाती है। पिछले लम्बे समय से आमजन व्यापारिक संघठन ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स की पुरजोर मांग है कि इस मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित कर 4 लेन किया जाएयह मार्ग उदयपुर चितौड़गढ़ राजसमन्द 48 के ट्राफ़िक को भीलवाड़ा देवली होते हुए 52 से मिलकर टोंक सवाईमाधोपुर कोटा जयपुर का कम दूरी का वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध करवाता है।

इस रोड पर अप्रेल व जुलाई2024 में किये सर्वे में औसतन प्रतिदिन 12072 यात्री कार ईकाई तथा 2706 बड़े ट्रोले चलते हैं जबकि सड़क परिवहन मंत्रालय के सर्कुलर के तहत जिस रोड का औसतन प्रतिदिन10000 यात्री कार इकाई द्वारा प्रयोग किया जाता है उस 2लेन के रोड को 4लेन में परिवर्तित किया जा सकता है अत: यह मांग न्यायसंगत भी है।

## बूथ चुनाव हुऐ

**सरवाड़,** (निसं)। भाजपा शहर मण्डल सरवाड के बूथ कार्यकारिणी चुनाव किए गए वहीं बूथ संख्या 57 में मंडल अध्यक्ष प्यारे लाल खटीक के निर्देशन में बूथ अध्यक्ष का चुनाव किया गया वहीं मण्डल महामंत्री कुशल किशोर सोनी शक्ति केन्द्र संयोजक चैन सिंह पगारिया शक्ति केन्द्र प्रमुख महेश भटनागर व संगठन पर्व सहयोगी नासिर मंसूरी के सानिध्य में 12 सदस्यीय बूथ कार्यकारिणी व पन्ना प्रमुख सूची तैयार की गई।

## 37वीं अन्तर महाविद्यालय सॉफ्टबॉल ( पुरुष ) प्रतियोगिता का उद्घाटन



प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार बहरवाल ने प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया।

**अजमेर,** (कासं)। 37वीं अन्तर महाविद्यालय सॉफ्टबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता 2024-25 का उद्घाटन समारोह का 12 दिसंबर 2024 को सेंट विल्फ्रेड कॉलेज अजमेर में किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय अजमेर के प्राचार्य डा मनोज कुमार बहरवाल द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शक्ति सिह गौड़ द्वारा की गई, मुख्य अतिथि द्वारा जीवन में खेलों की भूमिका तथा महत्व के बारे में बताया जिससे शारीरिक, मानसिक व नैतिक विकास होता है। इसी क्रम में कार्यक्रम के अध्यक्ष शक्ति सिंह गौड़ ने विद्यार्थियों को खेलों के बारे में बता कर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के आयोजन सचिव डा कुलदीप सिंह शेखावत ने बताया कि महृषि दयानंद सरस्वती विश्विधालय की 37 वी अंतर महाविद्यालय सॉफ्टबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता करवाने का अवसर मिला उसके लिए वह विश्विधालय के सादर आभारी है, साथ ही डा कुलदीप सिंह ने बताया कि अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता में संभाग के 10 महाविद्यालयों ने नाम भेजे गए थे, जिसमे से 8 महाविद्यालयों की टीम ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में पहला मुक़ाबला समाट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय अजमेर बनाम राजकीय महाविद्यालय मेड़ता में रहा, जिसमे सम्म्राट पृथ्वीराज चौहान राज. महाविद्यालय अजमेर विजेता रही

दूसरा मुकाबला सूरजा सदन मुड़वा बनाम राजकीय महाविद्यालय मालपुरा में रहा जिसमे सूरज सदन मुड़वा विजेता रही और तीसरा मुकाबला राजकीय महाविद्यालय खिवसर बनाम एस वी आर एम नागौर में रहा जिसमे राजकीय महाविद्यालय खिवंसर विजेता रही तो वही चौथा मुकाबला दयानंद कॉलेज अजमेर बनाम एम एल वी कॉलेज भीलवाड़ा रहा, जिसमे दयानंद कॉलेज अजमेर विजेता रही। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में संदीप सिंह, जसवीर सिंह, अनवर खान, साक्षी राठौर, बलराज सिंह, जाकिर खान उपस्थित रहे।


**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम खेड़ा देवनारायण, ग्राम पंचायत दुर्गावास, तहसील ब्यावर, जिला ब्यावर की निवासी श्रीमती कमला देवी पुत्री श्री शंकर सिंह का ग्राम खेड़ा देवनारायण तहसील ब्यावर, जिला ब्यावर में दिनांक 01.01.1961 को जन्म हुआ है। जिसके जन्म के संबंध में संबंधित रजिस्ट्रार के यहां जन्म पंजीयन नहीं करवाया है और ना ही जन्म प्रमाण पत्र बनवाया है। अब मैं कमला देवी अपना जन्म प्रमाण पत्र बनवाना चाहती हूं। इस हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त जन्म आवेदन पत्र बाबत किसी प्रकार का ऐतराज हो तो उक्त सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में ऐतराज प्रस्तुत करें। इसके बाद मैं अपना जन्म आवेदन पत्र प्रस्तुत कर जन्म प्रमाण पत्र बनवा लूंगी।

कमला देवी पुत्री शंकर सिंह,
ग्राम खेड़ा देवनारायण, ग्राम पंचायत दुर्गावास
तहसील ब्यावर, जिला ब्यावर

**आम सूचना**

मेरी मां नर्मदा देवी पत्नी भैरूराम जाति जाट निवासी ग्राम कुचील तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास दिनांक 10 अप्रैल 1993 को हो गया है, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध किसी व्यक्ति को एतराज अथवा आपत्ति हो तो तहसीलदार किशनगढ़ के समक्ष मय दस्तावेज 7 दिवस के भीतर संपर्क करें। -प्रार्थी-नंदलाल चौधरी
पुत्र भैरूराम गांव कुचील

**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.**

क्रमांक: न.प.कि./PWC/BPAS-1672/2024/563 **आम सूचना** दिनांक: 12/12/2024

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि श्री भटा राम पुत्र श्री कुम्पा राम ग्राम मदनगंज, खसरा संख्या 359 के भूखण्ड सं. 34-ए (पार्ट) का कुल क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज में से भूखण्ड सं. 34-ए-1 क्षेत्रफल 100.00 वर्गगज 'श्याम नगर' मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर राजस्थान पर आवासीय निर्माण स्वीकृति चाहने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में : भूखण्ड संख्या 33 पश्चिम में : इसी भूखण्ड का शेष भाग
उत्तर मे : रास्ता 30 फीट चौडा दक्षिण में : भूखण्ड संख्या 42

अत: उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपति / एतराज हो तो आपति सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर नगर परिषद कार्यालय में लिखित में आपति पेश करे बाद मियाद किसी प्रकार की आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी। -प्रभारी (भवन निर्माण स्वीकृति) नगर परिषद, किशनगढ़

**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.**

क्रमांक: न.प.कि./PWC/BPAS-1672/2024/561 **आम सूचना** दिनांक: 12/12/2024

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि श्री जसवंत चौहान पुत्र श्री मनोज कुमार चौहान ग्राम मदनगंज खसरा संख्या 309 के भूखण्ड सं. 34-ए (पार्ट) का कुल क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज में से भूखण्ड सं. 34-ए-2 क्षेत्रफल 100.00 वर्गगज श्याम नगर मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर राजस्थान पर आवासीय निर्माण स्वीकृति चाहने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में : इसी भूखण्ड का शेष भाग पश्चिम में : भूखण्ड संख्या 35
उत्तर मे : रास्ता 30 फीट चौडा दक्षिण में : भूखण्ड संख्या 42

अत: उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपति / एतराज हो तो आपति सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर नगर परिषद कार्यालय में लिखित में आपति पेश करे बाद मियाद किसी प्रकार की आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी। -प्रभारी (भवन निर्माण स्वीकृति) नगर परिषद, किशनगढ़

**कार्यालय नगर परिषद किशगनढ ( अजमेर ) राजस्थान**

क्रमांक: न.प.कि/कृषि भूमि नियमन/2024/534 दिनांक-12-12-2024

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में निम्न भूखण्ड का वितरण कर राजस्व ग्राम सावत-सर के खसरा न. 283/1 में स्थित भूखण्ड का क्षेत्रफल 1563.20 वर्गगज भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ पट्टा हेतु कृषि भूमि नियमन प्रकरण विचाराधीन है। अत: निम्न खसरा नम्बर के भूखण्ड नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपतियां / कारण / विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

| क्रसं. | प्रार्थी का नाम | राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं. | क्षेत्रफल/रकबा भूखण्ड संख्या | प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती चांद कवंर बंग श्री राम वल्लभ बंग निवासी बिल्डिंग नं 04 अनमोल आपर्टमेन्ट अंधेरी कुरला रोड ओपी मुकुन्द हॉस्पिटल जे.बी. नगर मुम्बइ | सांवतसर 283/1 | भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 1563.20 वर्गगज | औद्योगिक |

आयुक्त नगर परिषद किशगनढ

**कार्यालय ग्राम पंचायत मण्डावरियां, पंचायत समिति अरांई अजमेर**

क्रमांक: ग्रा.प.म./निर्माण/2024-25/31 दिनांक: 10/12/2024

**सीमित निविदा सूचना**

पंचायत समिति अराँई की अधीनस्थ ग्राम पंचायत मण्डावरियां में भंवरलाल वैष्णव के घर से मंडावरियां चौराहे तक सीसी रोड़ नाली निर्माण ग्राम मण्डावरियां ग्राम पंचायत मण्डावरियां के लिए सीमित निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in देखा जा सकता है।

NIB NO:- ZAJ2425A0884
UBN NO:- ZAJ2425WSLB00943

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत मंडावरियां, पंचायत समिति अरांई (अजमेर)
सरपंच, ग्राम पंचायत मंडावरियां, पंचायत समिति अरांई (अजमेर)

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुननिर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तो की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 90842080 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. लक्ष्मण सिंह 2. शिम्भू सिंह | 28.10.2024 | 7,11,047.67/- |

**सम्पत्ति पता**- प्लाट पट्टा नं. 06, ब्लॉक नं. 26, मिसल नं. 44/2021-22, प्लाट एरिया 103.27 वर्गगज, अथवा 929.50 वर्गफिट, ग्राम-खातोलाई, ग्राम पंचायत-अंतरोली कलान, पंचायत समिति-डेगाना, जिला-नागौर, राजस्थान-341514, का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमाये है पूर्व-निकल एवं आम रास्ता, पश्चिम-श्री मूल सिंह/श्री नगजीत सिंह का मकान, उत्तर-स्वयं का बाडा, दक्षिण-भाइयो की सम्मिलित भूमि

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है। ह./-

दिनांक- 13.12.2024
स्थान- नागौर
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

**कार्यालय पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण (अजमेर)**

क्रमांकः– पंसअग्रा/निविदा/SBM-G/2024–25/ 6951 दिनांक :– 12.12.2024

ई – निविदा सूचना संख्या/2024–25

पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण की निम्न ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2024–25 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाऍं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/ एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.सं | ग्राम पंचायत का नाम | Tender Download Upload Starat Date | Tender Download Upload End Date | Tender Open Date | NIB NO | UBN NO |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खोरी | 10-12-2024 | 16-12-2024 | 17-12-2024 | ZAJ2425A0876 | ZAJ2425SSOB00935 |
| 2 | बांसेली | 10-12-2024 | 16-12-2024 | 17-12-2024 | ZAJ2425A0878 | ZAJ2425SSOB00937 |
| 3 | दौराई | 10-12-2024 | 16-12-2024 | 17-12-2024 | ZAJ2425A0881 | ZAJ2425SSOB00940 |
| 4 | घूघरा | 10-12-2024 | 16-12-2024 | 17-12-2024 | ZAJ2425A0877 | ZAJ2425SSOB00936 |
| 5 | गेगल | 10-12-2024 | 16-12-2024 | 17-12-2024 | ZAJ2425A0880 | ZAJ2425SSOB00939 |
| 6 | उँटड़ा | 10-12-2024 | 16-12-2024 | 17-12-2024 | ZAJ2425A0879 | ZAJ2425SSOB00938 |
| 7 | चाचियावास | 12-12-2024 | 18-12-2024 | 19-12-2024 | ZAJ2425A0901 | ZAJ2425SSOB00960 |
| 8 | गगवाना | 12-12-2024 | 18-12-2024 | 19-12-2024 | ZAJ2425A0900 | ZAJ2425SSOB00959 |
| 9 | बबायचा | 12-12-2024 | 18-12-2024 | 19-12-2024 | ZAJ2425A0893 | ZAJ2425SSOB00952 |
| 10 | कायड | 12-12-2024 | 18-12-2024 | 19-12-2024 | ZAJ2425A0888 | ZAJ2425SSOB00947 |
| 11 | कायमपुरा | 12-12-2024 | 18-12-2024 | 19-12-2024 | ZAJ2425A0895 | ZAJ2425SSOB00954 |
| 12 | तिलोरा | 12-12-2024 | 18-12-2024 | 19-12-2024 | ZAJ2425A0892 | ZAJ2425SSOB00951 |
| 13 | बडल्या | 12-12-2024 | 18-12-2024 | 19-12-2024 | ZAJ2425A0898 | ZAJ2425SSOB00957 |
| 14 | सोमलपुर | 12-12-2024 | 18-12-2024 | 19-12-2024 | ZAJ2425A0891 | ZAJ2425SSOB00950 |
| 15 | कडैल | 12-12-2024 | 18-12-2024 | 19-12-2024 | ZAJ2425A0890 | ZAJ2425SSOB00949 |
| 16 | देवनगर | 12-12-2024 | 18-12-2024 | 19-12-2024 | ZAJ2425A0889 | ZAJ2425SSOB00948 |
| 17 | भांवता | 12-12-2024 | 18-12-2024 | 19-12-2024 | ZAJ2425A0894 | ZAJ2425SSOB00953 |
| 18 | हाथीखेड़ा | 12-12-2024 | 18-12-2024 | 19-12-2024 | ZAJ2425A0896 | ZAJ2425SSOB00955 |
| 19 | बीर | 12-12-2024 | 18-12-2024 | 19-12-2024 | ZAJ2425A0897 | ZAJ2425SSOB00956 |
| 20 | दांता | 12-12-2024 | 18-12-2024 | 19-12-2024 | ZAJ2425A0899 | ZAJ2425SSOB00958 |

विकास अधिकारी
पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण